भारत स्काउट एवं गाइड, मध्यप्रदेश राज्य मुख्यालय,
शांति मार्ग,श्यामला हिल्स रोड,भोपाल

Website:www.bsgmp.net, E_mail bsgmadhyapradesh@gmail.com phone no. 2661263, Fax:2737446

क्र0/ 5523 /रा0मु0/गति/2016 भोपाल, दिनांक 02/02/2016

प्रति,

1. सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड)
भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश
संभागीय कार्यालय.................................. (म.प्र.) ।

2. जिला संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड)
भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश
जिला संघ .... (म.प्र.) ।

विषय :– मासिक कार्यप्रतिवेदन एवं मासिक कार्ययोजना भेजने बाबत् ।

सन्दर्भ :– इस कार्यालय का पत्रांक 1034–35/गति/2015 भोपाल, दिनांक 13/03/2015

–0–

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं सन्दर्भित पत्र का अवलोकन करें जिसमें निर्देशित किया गया है कि मासिक कार्यप्रतिवेदन एवं आगामी मासिक कार्ययोजना प्रतिमाह निर्धारित प्रारूप में निर्धारित पांच बिन्दुओं को सम्मिलित कर प्रेषित करना है ।

प्रायः अधिकांश जिला संगठन आयुक्त एवं सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) द्वारा नियमित रूप से कार्ययोजना एवं कार्यप्रतिवेदन निर्धारित अवधि में प्राप्त नहीं हो रहा है, जिसके कारण वेतन आहरण व युवा कार्यक्रम की समग्र प्रगति के आंकलन में कठिनाई आ रही है ।

अतः निर्देशित किया जाता है कि प्रत्येक जिला संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) सुनिश्चित करें कि वे अपनी आगामी मासिक की कार्ययोजना 20 तारीख एवं गतमाह माह का कार्यप्रतिवेदन प्रतिमाह की 5 तारीख तक सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) के माध्य से नियमित रूप से राज्य मुख्यालय भोपाल को प्राप्त हो सके ।

मासिक कार्य प्रतिवेदन के साथ पेपर कटिंग व गतिविधि व कार्यक्रम के फोटोग्राफ्स अवश्यक प्रेषित करें । इसी प्रकार " स्वच्छ भारत सुन्दर भारत अभियान " अन्तर्गत स्वच्छता अभियान प्रतिमाह चलाये एवं इसका प्रतिवेदन नियमित रूप से प्रतिमाह फोटोग्राफ्स कार्यप्रतिवेदन के साथ प्रेषित करें ताकि समय समय सीमा में उच्च स्तर पर समाचार प्रेषित किये जा सके ।

राज्य सचिव
भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश
2/2/2016

C:\Users\Administrator\Desktop\Activiti .docx/s.sahu-228